अमर उजाला 30/08/2025

# जीएमएन कॉलेज ने जीता फुटबॉल मुकाबला



**मुकाबले में विजेता जीएमएन कॉलेज की टीम** : स्वयं

**अंबाला।** अंबाला कैंट के वार हीरोज स्टेडियम में शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल दिवस पर फुटबॉल के मुकाबला हुआ। यह मुकाबला अंबाला कैंट जीएमएन कॉलेज व कोचिंग सेंटर अंबाला के बीच खेला गया। पेनेल्टी शूट में जीएमएन कॉलेज की टीम विजेता रही। इसमें फारुखा खालसा स्कूल का योगेश बेस्ट कीपर चुना गया। जीएमएन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित गर्ग मुख्यातिथि व रिटायर्ड डिप्टी डायरेक्टर अरूणकांत विशेष अतिथि के रूप में शामिल रहे। इस मौके पर फारुखा खालसा स्कूल के प्रिंसिपल केपी सिंह व जिला खेल अधिकारी राजबीर सिंह रंगा आदि शामिल रहे। संवाद